देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 119 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**नई शिक्षा नीति



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 7 अगस्त 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 24.0°

38025.45

2 राम मंदिर पर पाक को लगी मिर्ची

7 राहुल कई बार सचिन से भी आगे निकले

## संक्षिप्त समाचार

### सुषमा स्वराज की पहली पुण्यतिथि पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी की वरिष्ठ नेता रहीं सुषमा स्वराज को उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद करते हुए कहा कि उन्होंने निरूस्वार्थ भाव से भारत की सेवा की और वैश्विक मंच पर वह देश की मुखर आवाज थीं। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का पिछले साल 67 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, 'पहली पुण्यतिथि पर आज सुषमाजी की याद आ रही है।

### नीरव मोदी 27 अगस्त तक हिरासत में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। लंदन की एक अदालत ने पीएनबी धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी की न्यायिक हिरासत को 27 अगस्त तक बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। इसे लेकर भारत में विभिन्न जांच एजेंसियों ने उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। इस मामले में मोदी के सहयोगी मेहुल चौकसी भी भारत में वांछित हैं। नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के मामले को लेकर ब्रिटेन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई।

### ओवैसी को परेशानी है तो पाक जाएं: रिजवी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सैयद वसीम रिजवी ने असदुद्दीन ओवैसी को उसी की भाषा में जवाब दिया है। दरअसल, राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन में पीएम मोदी के शामिल होने पर असदुद्दीन ओवैसी ने हमला बोला था जिसके जवाब में रिजवी से कहा कि अगर ओवैसी को कोई परेशानी है तो वो पाकिस्तान चले जाएं लेकिन यहां के मुसलमानों को शांति से रहने दें। वसीम रिजवी ने असदुद्दीन ओवैसी को कहा है कि मंदिरों को तोड़ने वाले तुम्हारे पूर्वज थे।

# आतंकी देश से यही आस

## राम मंदिर भूमि पूजन पर पाकिस्तान के बयान पर भारत का पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन पर बौखलाए पाकिस्तान को भारत ने करारा जवाब दिया है। नई दिल्ली ने कहा कि एक आतंकवादी मुल्क से यही उम्मीद की जा सकती है। सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत ने कहा कि आतंकवाद में संलिप्त एक देश का यह रुख आश्चर्यजनक नहीं है। पड़ोसी देश को दो–टूक सुनाते हुए भारत ने कहा कि उसे हमारे मामले दखल और सांप्रदायिकता को शह देने से बचना चाहिए। बता दें कि पकिस्तान ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद स्थल पर बुधवार को हुए राम मंदिर भूमि पूजन की आलोचना की थी।

- भारत ने पाक दो–टूक कहा कि वह यहां के मामलों में दखल न दे
- आतंकवाद में संलिप्त एक देश का यह रुख आश्चर्यजनक नहीं

**पीएम मोदी ने किया था भूमि पूजनः** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन किया था। उन्होंने कहा था कि राम सबके हैं और राम सबमें है। उन्होंने कहा था कि सदियों से चले आ रही उम्मीद अब पूरी होगी। उन्होंने कहा था कि कई पड़ोसी देशों में भी रामायण हैं और वहां भी राम की चर्चा होती है।

**भारत पहले भी पाकिस्तान को सुना चुका है दो–टूकः** विदेश कार्यालय ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान बाबरी मस्जिद स्थल पर मंदिर के निर्माण में जल्दबाजी यह दिखाती है कि किस प्रकार से भारत में मुसलमानों को हाशिए पर धकेला जा रहा है। भारत पहले ही इस मुद्दे पर पाकिस्तान की 'अवांछित और बेवजह टिप्पणियों ' को खारिज कर चुका है। विदेश मंत्रालय ने कहा था,'भारत के उच्चतम न्यायालय का फैसला भारत का पूरी तरह से अंदरूनी मामला है।

**भूमि पूजन के बाद पाकिस्तान को लगी है मिर्चीः** बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर भूमिपूजन पर पाकिस्तान को तीखी मिर्ची लगी है। पाकिस्तान के बड़बोले रेल मंत्री शेख रशीद ने कहा है कि भारत अब धर्मनिरपेक्ष देश नहीं रहा बल्कि राम नगर में तब्दील हो गया है। राशिद ने कहा कि पुराने समय के धर्मनिरपेक्ष देश अब दुनियाभर में खत्म हो गए हैं और भारत अब श्रीराम के हिंदुत्व का देश बन गया है।

### पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को नहीं मिल रहा अधिकार




विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कि पाकिस्तान को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने भारत के आंतरिक मामले पर मीडिया में पाकिस्तान के बयान को देखा। उसे हमारे मामलों से दूर रहना चाहिए। भारत ने कहा कि जो देश खुद अपने देश में अल्पसंख्यकों को उसके अधिकार से वंचित करता हो वह ऐसा कमेंट करे तो चौंकाता है। इस तरह की टिप्पणियां बेहद अफसोसजनक हैं।

### पाकिस्तान ने कल राम मंदिर पर दिया था बयान

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक बयान में में कहा था,'भारतीय उच्चतम न्यायालय के त्रुटिपूर्ण निर्णय ने मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया, जो न केवल न्याय पर आस्था की प्रधानता को दर्शाता है, बल्कि आज के भारत में बढ़ते बहुसंख्यवाद को भी दिखाता है जहां अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों और उनके पूजा स्थलों पर हमले बढ़ रहे हैं।'

# राहुल ने घेरा, तो सरकार ने हटाई 'घुसपैठ' की बात

## राहुल ने दागा सवाल, क्यों झूठ बोल रहे हैं प्रधानमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर जारी तनाव के मुद्दे पर मोदी सरकार के खिलाफ लगातार आक्रामक रुख अपनाए राहुल गांधी ने रक्षा मंत्रालय के एक हालिया दस्तावेज के हवाले से सवाल किया है कि प्रधानमंत्री आखिर झूठ क्यों बोल रहे हैं। हालांकि, अब उस दस्तावेज को रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट से हटा लिया गया है। दस्तावेज में पहली बार आधिकारिक तौर पर यह स्वीकार किया गया था कि चीनी सैनिकों ने मई में पूर्वी लद्दाख में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी और मौजूदा गतिरोध अभी और लंबा खिंचेगा। वेबसाइट से दस्तावेज हटाए जाने के बाद राहुल गांधी ने एक बार फिर ट्वीट कर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोला है।

रक्षा मंत्रालय के उस दस्तावेज से जुड़ी खबर को ट्वीट करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा, प्रधानमंत्री झूठ क्यों बोल रहे हैं?

दरअसल, पिछले महीने गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई खूनी झड़प के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि न तो कोई भारतीय क्षेत्र में घुसा था और न ही कोई अभी घुसा हुआ है। राहुल गांधी पीएम मोदी के इसी बयान को लेकर उन पर झूठ बोलने का आरोप लगा रहे हैं। गलवान घाटी में हुए खूनी संघर्ष में भारत के 21 जवान शहीद हुए थे जबकि चीन के कम से कम 45 सैनिक मारे गए थे। हालांकि, चीन ने अपने सैनिकों के मारे जाने की बात तो कबूली थी लेकिन आधिकारिक तौर पर उसने यह कभी नहीं बताया कि उसके कितने सैनिक मारे गए। चीन के हमारे इलाके में होने से इनकार करने और वेबसाइट से डॉक्युमेंट हटा लेने से तथ्य नहीं बदल जाएंगे।

### क्या था दस्तावेज में ?



मंगलवार को रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड हुए दस्तावेज में पहली बार आधिकारिक तौर पर चीनी सैनिकों के भारतीय क्षेत्रों के अतिक्रमण की बात स्वीकार को किया गया था। डॉक्युमेंट में लिखा था, चीनी पक्ष ने 17–18 मई को कुगरांग नाला (हॉट स्प्रिंग्स के उत्तर में पट्रोलिंग पॉइंट 15 के पास), गोगरा (पट्रोलिंग पॉइंट 17 ए) और पैंगोंग सो के उत्तरी किनारे पर अतिक्रमण किया था।

# मनोज सिन्हा बने जम्मू कश्मीर के नये उपराज्यपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मनोज सिन्हा को जम्मू कश्मीर का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। उन्हें गिरीश चंद्र मुर्मू के इस्तीफे के बाद जम्मू कश्मीर का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। इस बीच जम्मू कश्मीर के नए उपराज्यपाल बनाए जाने के बाद मनोज सिन्हा आज पहली बार जम्मू कश्मीर जा रहे हैं। मनोज सिन्हा दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए हैं। वह यहां से सीधा श्रीनगर जाएंगे। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू का इस्तीफा मंजूर कर लिया, जिसके बाद मनोज सिन्हा को जम्मू कश्मीर का नया उपराज्यपाल बनाया गया।

इससे पहले केंद्र सरकार ने गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को गिरीश चंद्र मुर्मू की जगह जम्मू–कश्मीर के नए उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने केंद्र शासित राज्य के उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू के इस्तीफे को स्वीकार करने के बाद मनोज सिन्हा को इस पद पर नियुक्त किया है। जम्मू–कश्मीर के पुनर्गठन होने के बाद बीते साल 31 अक्टूबर को मुर्मू ने उपराज्यपाल का पद संभाला था।

राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, मनोज सिन्हा की नियुक्ति उनके कार्यालय के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लागू होगी।

### नियुक्ति



**रेल राज्यमंत्री रह चुके हैं मनोज सिन्हा**

बीजेपी नेता मनोज सिन्हा मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में रेल राज्यमंत्री रह चुके हैं। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने गाजीपुर से चुनाव लड़ा था लेकिन वह नहीं जीत सके थे। 2014 में मनोज सिन्हा को कुल 306,929 वोट मिले थे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में संक्रमण के 56,282 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 56,282 नए मामले सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को कुल संक्रमितों की संख्या 19,64,536 हो गई।

वहीं, इस संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या 13,28,336 हो गई।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण से कुल 904 लोगों की मौत हो गई , जिससे कुल मृतकों की संख्या 40,699 हो गई। देश में 5,95,501 मरीजों का इलाज चल रहा है जो कि कुल मामलों का 30.31 फीसदी है। आंकड़ों के अनुसार मृत्यु दर गिरकर 2.07 फीसदी पर आ गई है। यह लगातार आठवां ऐसा दिन है जब संक्रमण के 50,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार पांच अगस्त तक 2,21,49,351 नमूनों की जांच हुई जिनमें से 6,64,949 नमूनों की जांच पांच अगस्त को की गई।

**कोरोना अपडेट**

कुल संक्रमितों की संख्या 19,64,536 हुई